ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 252

दिनांक 10 मार्च, 2026

सीतापुर में केंद्रीय कृषि विश्वविद्‌यालय

***252. श्री राकेश राठौर :**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीतापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र एक कृषि प्रधान और मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र है जहाँ बड़ी संख्या में किसान पारंपरिक खेती पर निर्भर हैं और इसके आस-पास के क्षेत्र में भी कोई कृषि विश्वविद्‌यालय मौजूद नहीं है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रसार करने, कृषि अनुसंधान को सुदृढ़ करने और स्थानीय युवाओं को कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्‌देश्य से सीतापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक केंद्रीय कृषि विश्वविद्‌यालय स्थापित करने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं तो क्या सरकार विकास से संबंधित भावी कार्य-योजनाओं में उक्त विश्वविद्‌यालय की स्थापना पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ग): विवरण सभा के पटल पर प्रस्तुत है।

*****

"सीतापुर में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय" से संबंधित लोक सभा के दिनांक 10.03.2026 के तारांकित प्रश्न संख्या 252 के भाग (क) से (ग) का संबंधित विवरण

<u>(क) से (ग) :</u> जी, हाँ। उत्तर प्रदेश का सीतापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जिसमें अधिकांश ग्रामीण इलाका आता है।

उत्तर प्रदेश राज्य में 01 केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय; कृषि संकाय की सुविधा वाले 02 केंद्रीय विश्वविद्यालय; 01 मानद विश्वविद्यालय; तथा 05 राज्य कृषि एवं संबद्ध विज्ञान विश्वविद्यालय हैं जो कि सीतापुर जिला सहित राज्य की कृषि अनुसंधान, शिक्षा, विस्तार तथा प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों का विवरण इस प्रकार है :

I. रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश (04 संघटक कॉलेज)
II. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश (01 कृषि संकाय के साथ केंद्रीय विद्यालय)
III. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश (01 कृषि संकाय के साथ केंद्रीय विद्यालय)
IV. भाकृअनुप-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (ICAR-IVRI), इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश (मानद विश्वविद्यालय)
V. आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमार गंज, अयोध्या, उत्तर प्रदेश (07 संघटक कॉलेज)
VI. चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर, उत्तर प्रदेश (08 संघटक कॉलेज)
VII. सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश (05 संघटक कॉलेज)
VIII. पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश (02 संघटक कॉलेज)
IX. बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा, उत्तर प्रदेश (06 संघटक कॉलेज)

इन विश्वविद्यालयों के अलावा, उत्तर प्रदेश राज्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कुल 13 संस्थान हैं जिनका विवरण निम्न है :

I. भाकृअनुप-केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (ICAR-CARI), इज्जतनगर, बरेली
II. भाकृअनुप-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (ICAR-CISH), लखनऊ

III. भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (ICAR-IISR), लखनऊ
IV. भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBFGR), लखनऊ
V. भाकृअनुप-केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान (ICAR-CAFRI), झांसी
VI. भाकृअनुप-भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान (ICAR-IGFRI), झांसी
VII. भाकृअनुप-भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान (ICAR-IIPR), कानपुर
VIII. भाकृअनुप-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (ICAR-IVRI), वाराणसी
IX. भाकृअनुप-केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (ICAR-CIRG), मखदूम, मथुरा
X. भाकृअनुप-केंद्रीय गोपशु अनुसंधान संस्थान (ICAR-CIRC), मेरठ
XI. भाकृअनुप-भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान (ICAR-IIFSR), मोदीपुरम, मेरठ
XII. भाकृअनुप-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान (ICAR-IISR), मऊ
XIII. भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो (ICAR-NBAIM), मऊ

उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 18 भाकृअनुप क्षेत्रीय स्टेशन/परियोजनाएं तथा 89 कृषि विज्ञान केंद्र कार्य कर रहे हैं जो कि बेहतर रोजगार सृजनता के लिए स्थानीय युवाओं को कृषि के क्षेत्र में आधुनिक जानकारी का प्रसार कर रहे हैं और कृषि अनुसंधान और उच्चतर शिक्षा को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

वर्तमान में, सीतापुर जिले में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

कृषि शिक्षा सहित कृषि, राज्य का एक नीतिगत विषय है इसलिए राज्य सरकार जरूरतों के अनुसार नया कृषि विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती है।

****